**भारत सरकार**

**स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय**

**स्वास्थ्य अनुसंधान विभाग**

**लोक सभा**

**अतारांकित प्रश्न संख्या: 3444**

**दिनांक 08 अगस्त, 2025 को पूछे जाने वाले प्रश्न का उत्तर**

**आणविक आयोडीन का उपयोग**

**† 3444. डॉ. डी. रवि कुमारः**

क्या **स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार के पास देश और विश्व स्तर पर कोरोनावायरस संक्रमण सहित बीमारियों की रोकथाम के लिए आणविक आयोडीन के उपयोग संबंधी कोई आकंड़े उपलब्ध हैं;

(ख) यदि हाँ, तो देश में आणविक आयोडीन पर किए गए अनुसंधान, विकास और परीक्षणों का ब्यौरा क्या है और बीमारियों की रोकथाम या उपचार में इसकी प्रभावकारिता से संबंधित साक्ष्य क्या हैं;

(ग) क्या नैदानिक या नियामक निष्कर्षों के अनुसार इसके उपयोग में कोई दुष्प्रभाव, मतभेद या सुरक्षा संबंधी चिंताएँ पाई गई हैं और यदि हाँ, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(घ) देश में आणविक आयोडीन के उत्पादन, विपणन और उपयोग को विनियमित करने के लिए सरकार द्वारा क्या कदम उठाए गए हैं/उठाए जाने का प्रस्ताव है; और

(ङ) क्या सीडीएससीओ या आईसीएमआर जैसी एजेंसियों द्वारा कोई दिशानिर्देश या अनुमोदन जारी/प्रस्तावित किए गए हैं और यदि हाँ, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

**उत्तर**

**स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय में राज्य मंत्री**

**(श्री प्रतापराव जाधव)**

(क) से (ङ): पोविडोन आयोडीन दशकों से एक स्वर्ण मानक रोगाणुरोधक रहा है जिसमें पूर्व में पता लगाए गए बीटा कोरोना-वायरस के खिलाफ सिद्ध प्रभावकारिता के साथ माइक्रोबिसाइडल गुण हैं। वैज्ञानिक साहित्य की समीक्षा के अनुसार, कुछ अध्ययनों से सार्स-सीओवी-2 प्रबंधन में पोविडोन-आयोडीन आधारित माउथवॉश और नेजल स्प्रे के उपयोग के लाभों का संकेत मिलता है। हालांकि, ये अध्ययन अपर्याप्त यादृच्छिककरण विधियों और छोटे नमूनों को भी दर्शाते हैं। व्यापक आयोडीन विष विज्ञान चेतावनी देता है कि अत्यधिक प्रणालीगत आयोडीन सेवन थायरॉइड के कार्य को बाधित कर सकता है और म्यूकोसल जलन, धात्विक स्वाद और अतिसंवेदनशीलता प्रतिक्रियाओं का कारण बन सकता है। आयोडीन एंटीसेप्टिक्स नियंत्रित टॉपिकल उपयोग और उचित तनुकरण के माध्यम से प्रणालीगत संपर्क को सीमित करके इन जोखिमों को कम करते हैं।

आयोडीन के अन्य उपयोगों में आयोडीन के रेडियोधर्मी रूप से विकिरण के प्रभाव से थायरॉयड ग्रंथि की सुरक्षा, पोविडोन- आयोडीन के रूप में प्रीऑपरेटिव त्वचा एंटीसेप्सिस, बैक्टीरिया, कवक, प्रोटोजोआ और कई वायरस के खिलाफ रोगाणुरोधी कार्रवाई का व्यापक स्पेक्ट्रम और पीने के पानी, स्विमिंग पूल के पानी और अपशिष्ट पानी को कीटाणुरहित करना शामिल हैं।

केंद्रीय औषधि मानक नियंत्रण संगठन (सीडीएससीओ) द्वारा सूचित किया गया है कि कोरोना वायरस संक्रमण सहित, बीमारियों की रोकथाम के लिए आणविक आयोडीन के आयात/विनिर्माण और विपणन या नैदानिक परीक्षणों के लिए कोई आवेदन प्राप्त नहीं हुआ है।

*****